मेरी मैया के रूप अनेक जगत को प्यारी लगे

शेरावाली के रूप अनेक जगत को प्यारी लगे,
प्यारी लगे मईया दिल में बसे,
शेरावाली के रूप अनेक जगत को प्यारी लगे...

जब मैया दुर्गा बन आई,
उसकी सेवा में हनुमत खड़े जगत को प्यारी लगे,
शेरावाली के रूप अनेक जगत को प्यारी लगे...

जब मैया काली बन आई,
राक्षस मारे अनेक जगत को प्यारी लगे,
शेरावाली के रूप अनेक जगत को प्यारी लगे...

जब मैया ज्वाला बन आई,
देखो घर घर में ज्योत जले जगत को प्यारी लगे,
शेरावाली के रूप अनेक जगत को प्यारी लगे...

जब मैया गौरा बन आई,
भोले के खुल गए नेत्र जगत को प्यारी लगे,
शेरावाली के रूप अनेक जगत को प्यारी लगे...

जब मैया सीता बन आई,
तोड़ा राम जी ने धनुष महेश जगत को प्यारी लगे,
शेरावाली के रूप अनेक जगत को प्यारी लगे...

जब मैया राधा बन आई,
मथुरा में कृष्ण जन्में जगत को प्यारी लगे,
शेरावाली के रूप अनेक जगत को प्यारी लगे...

जब मैया गौमाता बन आई,
सेवा करें सब देव जगत को प्यारी लगे,
शेरावाली के रूप अनेक जगत को प्यारी लगे...

जब मैया तुलसा बन आई,
देखो घर-घर में दीप जले जगत को प्यारी लगे,
शेरावाली के रूप अनेक जगत को प्यारी लगे...

जग कल्याणी मैया रानी,
भक्तों के कांटे क्लेश जगत को प्यारी लगे,
शेरावाली के रूप अनेक जगत को प्यारी लगे...

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27301/title/meri-mayia-ke-roop-anek-jagat-ko-pyari-lage

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |